तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को... 12



एनएसयूआई ने गृहमंत्री अमित शाह... 12



## खबर संक्षेप

### जमीन पट्टा विवाद पर पिता की पिटाई की, रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम धनेसरा में जमीन पट्टा की बात को लेकर बेटे ने पिता के साथ मारपीट किया। पिता ने बेटे के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का शिकायत दर्ज कराया है। शिकायत करने पहुंचे ग्राम धनेसरा निवासी 60 वर्षीय सत्तुराम वट्टी पिता स्व. त्रिबोल विट्टी ने पुलिस को बताया कि मैने 23 दिसंबर कि शाम करीबन 7 बजें अपने बेटे बेदराम को पुछा कि जमीन का पट्टा कहा पर रखा है। इसी बात को लेकर आरोपी बेदराम ने गाली देना शुरू कर दिया और क्यो पूछ रहो, मै रखा हूं क्या कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया। लकड़ी से मारपीट करने के कारण मेरे हाथ व पीठ में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### भानुप्रतापपुर में सुशासन दिवस धूमधाम से मनाया



**भानुप्रतापपुर।** भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तनम सिंह चौहान नें कहा की भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष हम सबके मार्गदर्शन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे, यूवामोर्चा जिला मिडिया प्रभारी राजू श्रीवास, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सतीश श्रीवास्तव, अनुसूचित जाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी बुजुर्ग महिला युवा उपस्थित रहें।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में 18 स्कूल के खिलाड़ी हुए शामिल

**कांकेर।** स्व. महाराज धीराज उदय प्रताप देव एवं स्व. महाराज कुमार सूर्य प्रतापदेव की स्मृति में जिला स्तरीय अंतर साल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर से नरहरदेव ग्राउंड में हो रहा है। फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एडवोकेट देवेंद्र यादव उपस्थित रहें। फुटबॉल का मैच पटौद एवं संटमाइकल टीम के बीच हुआ। जिले के कुल 18 स्कूली विद्यार्थियों की टीम ने भाग लिया।

## झोल : आरक्षक का कहना है- मालिक हाईवा लेकर भाग गया

# चारामा नाका में पुरानी रायल्टी लेकर रेत से भरे खड़े हाईवा, एक भी वाहन पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- खदान संचालक रायल्टी शुल्क प्रति घनमीटर 175 की बजाए 250 रुपए वसूल रहे
- चारामा में राजनीतिक संरक्षण में चल रही पाँच अवैध रेत खदान

चारामा नाका में खड़ी हाईवा में कई बिना रायल्टी की थी, इन वाहनों पर कार्यवाही किया जाना था, परंतु नाका में खनिज विभाग के सिपाही व नगर सैनिक कार्यवाही करने से डरते रहे। उनका यह भी कहना था कि कार्यवाही करते है, तो पूरा गाँव आ जाता है और गाड़ी मालिक भी दादागिरी करते है। चारामा क्षेत्र में निवास करने वाले नगर सैनिक राजनेताओं से फोन करवाकर नाका में ड्यूटी लगवाते है और बिना रायल्टी के हाईवा निकालने में संरक्षण देते है। खनिज के आरक्षक ने बताया कि बिना रायल्टी वाली हाईवा का चालक हाईवा लेकर भाग गया।



जानकारी के अनुसार चारामा में रेत की लूट मची हुई है और लूट मचाने वाले किसी न किसी संरक्षण में चला रहे है। इसके चलते चारामा में महानदी की हालत खराब होते जा रही है। बुधवार 25 दिसंबर को चारामा नाका में 6 हाईवा खड़ी थी, जिसमें कुछ हाईवा में पीटपास 17 और 24 दिसंबर के थे। इन वाहनों पर कार्यवाही करने के लिए नाका में तैनात खनिज विभाग का सिपाही और तीन नगर सैनिकों ने कार्यवाही की बात भी कहीं, परंतु अंतिम समय तक कोई कार्यवाही नहीं किया। खनिज विभाग के सिपाही का कहना था कि उस समय वाहनों में रायल्टी नहीं थी, परंतु कुछ देर बाद आ गई और एक हाईवा का मालिक आया और अपने चालक के साथ हाईवा को लेकर भाग गया। सिपाही ने इस हाईवा का नंबर सीजी 07 बीआर 8444 बताया। नाका के कर्मचारियों का कहना था कि एक भी गाड़ी पर कार्यवाही करने के लिए रोकते है तो गाँव वाले और कई नेता पहुँच जाते है। दबाव बनाते है और नाका में नहीं रहने और स्थांतरण करवाने की धमकी देते है। ऐसे में हम लोगों की नौकरी करना मजबूरी है। उनका कहना है कि दबंगई के चलते हम लोग बहुत परेशान है। नाका में ऐसे ऐसे लोगों के अवैध उगाही व अवैध वाहन को ले जाने वालों के नाम दर्ज है, उनको देखकर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है।

### 175 की जगह वसूला जा रहा 250 रूपए

नाका में खड़ी हाईवा चालकों ने 25 दिसंबर को बताया कि रेत खदान संचालक 250 रूपएं प्रति घनमीटर रायल्टी शुल्क वसूलते है, जबिक 1 घन मीटर की रायल्टी शुल्क 175 रूपएं के आसपास है। एक घन मीटर से 75 रूपएं ज्यादा वसूला जा रहा है। इसके अलावा यह भी बात सामने आई है कि खदान जिस जगह है, उस जगह खुदाई न करके दूसरी जगह से रेत की खुदाई हो रही है। खदानों के सीमांकन की भी माँग उठी है।

### पाँच खदानें चल रही अवैध, नेताओं के संरक्षण का हल्ला

जानकारों के अनुसार अरौद में मंदिर के नीचे, टांहकापार, खरथा, करिहा बस्ती में अवैध खदान चल रही है, यह खदान की स्वीकृत नहीं है। इन खदानों में चैन माउंटेन से रेत को रातभर निकालते है और रातभर में कम से कम 50 हाईवा रेत निकल रही है। इसमें सबसे ज्यादा टांहकापार, खरथा और अरौद मंदिर के नीचे वाली खदान के अवैध संचालकों ने आतंक मचा दिया है। इनके द्वारा रेट कम कर दिए जाने से वैध खदान से रेत लेने हाईवा नहीं पहुँच पा रही है। यह अवैध रेत खदान राजनैतिक संरक्षण में चल रही है और मंत्रियों के नाम का बंटाधार किया जा रहा है।

## एनएच 30 पर अनियंत्रित वाहन की ठोकर से मां की मौत व बच्चा गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम जैसाकर्रा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क दुर्घटना का सिलसिला थमने का नाम ही नही ले रहा है। हादसे ने एक परिवार की खुशियों को गहरे सदमे में बदल दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि खराब स्ट्रीट लाइट और लापरवाह ड्राइविंग इन हादसों की बड़ी वजह हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बालोद जिले के नेवारी खुर्द से साहू परिवार के 10 सदस्य बस्तर घूमने के लिए गए थे। घूमकर वापिस घर लौटने के दौरान रास्ते में जैसाकर्रा के पेट्रोल पंप पर गाड़ी रोककर पास में स्थित चाय दुकान में चाय पीने गए थे। चाय पीने के बाद अपनी गाड़ी की ओर जा रहें थे, तभी चारामा से कांकेर की ओर जा रही तेज रफ्तार वहान ने महिला और बच्चे को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भयंकर था कि 48 वर्षीय मीना बाई साहू की मौके पर ही मौत हो गई। उनका 5 वर्षीय पोता लक्ष्य साहू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से चारामा अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल के चिकित्सको ने महिला को मृत घोषित किया और घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। टक्कर मारने वाला वाहन बिना रूके वाहन को लेकर भाग गया। टक्कर मारने वाला हिट एंड रन जैसी घटना को अंजाम दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## घर पर खड़ी बाइक की रात में चोरी चोरों को आतंक से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



दुधावा चौकी अंतर्गत कोटलभट्टी में ग्रामीण अपनी मोटर सायकल को घर के बरामदे में रखा। बीती रात को अज्ञात चोर बरामदे में रखी मोटर सायकल को लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। बाईक मालिक ने चोरी की रिपोर्ट दुधावा चौकी में किया है, वहीं ग्रामीण ईलाके में बाईक चोरों का आंतक बना हुआ है और ग्रामीण वाहनों की चोरी से परेशान है। बाईक चोरी करने वाला एक ग्रुप चारामा थानांतर्गत पकड़ाया था, परंतु कड़ी कार्यवाही नहीं होने से जेल से आने के बाद फिर ऐसी ही घटनाओं को अंजाम देने लगते है। चोरों में पुलिस को जो भय होना चाहिए, वो भय नजर नहीं आता है, इसके लिए किसी न किसी रूप में पुलिस ही जिम्मेदार है।

नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी क्षेत्र के ग्राम कोटलभट्टी निवासी 24 वर्षीय अनिल कुमार कुंजाम पिता धनीराम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मैं अपनी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 5835 को अपने घर के बरामदा में 18 दिसंबर की रात 10 बजे खड़ा किया था और अगले दिन 19 दिसंबर को सुबह करीबन 5 बजें देखा, तो मेरा मोटर सायकल उक्त स्थान पर नहीं थी। मैने मोटर सायकल के बारे में आसपास पता लगाया और जब कहीं पता नहीं चला तो ग्राम प्रमुख की मदद से दुधावा चौकी में घटना की जानकारी दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि चोरी गई मोटर सायकल की कीमत कम से कम 30 हजार रूपएं होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अपने बरामदे में ही दो पहिया वाहन को रखते है, परंतु जिस तरह की चोरी बढ़ी है, उससे ग्रामीण अब परेशान होने लगे है। इस तरह की चोरी विगत समय चारामा और कोरर थाना ईलाके में कई बार हो चुकी है। चारामा में मोटर सायकल चोरी को गैंग के पकड़े जाने के बाद चोरी बंद थी, यह चोरी फिर से हो गई। मेला मड़ई का समय आ रहा है और इस समय बाहर से लोग आते है और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है।

शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार युवक घायल, विवेचना जारी





**कांकेर।** निजी काम से दुर्गुकोंदल आए युवक को चार पहिया वाहन के चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बाईक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका ईलाज जारी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे दुर्गुकोंदल निवासी रामप्रसाद उईके ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरा लड़का सुमन उईके 23 दिसंबर को शाम करीबन साढ़े 7 बजें अपने घर छिंदपाल से मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीए 6786 से ग्राम बड़गांव आया था। बड़गांव से अपने घर छिंदपाल वापिस जा रहा था, तभी शर्मा फार्म हाउस मोड़ के पास रात करीबन 8 बजें दुर्गुकोंदल की ओर से आ रही आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 1987 का चालक के द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाकर लाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे सुमन मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर गया। गिरने से दोनो हाथ, दोनो पैर, सीना व सिर में चोट आया है। ईलाज के लिए बड़गांव अस्पताल में लेकर गए, वहां से हायर सेंटर रिफर किया गया है। आरोपी वाहन चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ, ऐसे वाहन चालको का लाइसेंस निरस्त कर देना चाहिए। ऐसे चालकों का लाइसेंस निरस्त नहीं किया जाएगा तो उनके हौसले बुलंद रहेगी और गल्तियां लगातार करते रहेंगे। आरोपियों पर कार्यवाही के बजाए संरक्षण मिल जाता है, तो इन्हीं चालकों के कारण बड़ा हादसा हो जाता है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जिला संगठन में कम से कम दो बार पदाधिकारी बन चुके को ही मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- भाजपा के केंद्रीय संगठन ने जारी किया गाइड लाइन, कमल सदन में हुई रायशुमारी

भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर 25 दिसंबर को कमल सदन में रायशुमारी हुई वहीं भाजपा के केंद्रीय संगठन ने गाईड लाईन तय किया है। अध्यक्ष के लिए उम्र 45 से 60 साल के बीच हो। पूर्व में जिला संगठन में कम से कम दो बार पदाधिकारी रह चुका हो। अपराधिक छवि न हो, कभी भी पार्टी विरोधी कमेंटस न किया हो, अनुशासहीनता के आरोप में संगठन से नोटिस या निष्कासन न हुआ हो। जातीय और वर्गवार प्रतिनिधित्व का भी ध्यान रखना है। इस गाईड लाईन को पालन करते हुए जिलाध्यक्ष की घोषणा 30 दिसंबर के पहले हो जाएगी। घोषणा के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि केंद्रीय संगठन की गाईड लाईन का पालन हुआ है या नहीं।

भा. ज. पा.

कमल सदन में बंद कमरे में हुई रायशुमारी

हरिभूमि ने जिला पदाधिकारियों से बात किया तो उनका कहना था कि 2008 से 2018 तक अन्य पिछड़ा वर्ग से लगातार दो जिलाध्यक्ष रहे है और 2018 से 2024 तक एसटी वर्ग से जिलाध्यक्ष रहा, इस बार सामान्य वर्ग से अघ्यक्ष बनना चाहिए। इस पर चुनाव अधिकारी व अन्य प्रभारियों से बात किया तो उनका कहना है कि हमारे पास जो नाम आएं है, उनको प्रदेश संगठन को सौंप दिया जाएगा, अंतिम निर्णय प्रदेश संगठन को लेना है। जिला निर्वाचन अधिकारी इस विषय पर ज्यादा कुछ कहने की स्थिति में नजर नहीं आई। रायशुमारी में जिले मे निवासरत राष्ट्रीय पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, जिले में निवासरत राष्ट्रीय मोर्चा के पदाधिकारी, जिले मे निवासरत प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, सांसद व विधायक, पूर्व सांसद व पूर्व विधायक, जिला संगठन प्रभारी, जिला पदाधिकारी भाजपा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ नेतागण, संघ परिवार से चर्चा, आयोग के पूर्व अध्यक्ष, चेयरमेन, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा को आमंत्रित करना था, परंतु जिले के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने कई आपेक्षित पदाधिकारियों को बैठक मं आमंत्रित भी नहीं ⏭ शेष पेज 10 पर

## नगरी निकायों में अटल परिसर के निर्माण का वर्चुअली भूमिपूजन

**भानुप्रतापपुर।** अटल परिसर निर्माण योजना के अंतर्गत समस्त नगरी निकायों में अटल परिसर का निर्माण प्रस्तावित है। इस योजना का भूमिपूजन पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दिवस पर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव नगरीय प्रशासन एवं विकाश विभाग द्वारा भानुप्रतापपुर नगर पंचायत परिसर पर भूमिपूजन का कार्यक्रम किया गाया। अटल परिसर निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम के लिए परिसर में साफ सफाई और सजावट कराया गया था, साथ ही वर्चुअल माध्यम



लाइव स्ट्रीमिंग के । लिए तकनीकी उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, अध्यक्षतउप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया ⏭ शेष पेज 10 पर

## दुर्घटना में महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत गौरगांव निवासी 32 वर्षीय संगीता नेताम का 23 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश करने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## कोकानपुर में पूर्व पीएम अटल की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनी



**कोरर।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को ग्राम कोकानपुर स्थित अटल चौक पर सुशासन दिवस के रूप मनाया गया। सर्वप्रथम अटल चौक पर ग्रामीण एकत्रित हुये व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी छाया चित्र पर तिलक व माला अर्पण किया। इसके बाद वाजपेयी जी को जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम पटेल माखन मंडावी ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित सभी लोगों से मूल बातों को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर उपसरपंच अनिल यद्धु,पंचायत सचिव मुन्ना लाल यद्धु, जानकी मंडावी, शिव तेता, दीप सिन्हा, दिनेश कांगे, लता, नरसींग नरेटी, विनोद यद्धु , मुरली यादव ,धनेश यादव,सालिक अलानिया,वासुदेव मंडावी, ग्राम गायता सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक ने कहा-अटल के सुशासन के सपने को प्रदेश सरकार कर रही साकार

# सरकार के सुशासन की दिखी झलक, विधायक ने ग्रामीणों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्ण जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड कांकेर के दसपुर में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने उपस्थित ग्रामीणों व अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंड को स्थापित करने, शासन को पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण के लिए प्रयास करने की शपथ दिलाई। अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन का जो सपना देखा था, उसे प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार साकार कर रही है। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित दसपुर में जिला





स्तरीय सुशासन दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ का वास्तविक विकास पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना होने के बाद हुआ और अटल के बताए मार्ग पर चलकर साय सरकार प्रदेशवासियों की प्रगति और समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी आज जिस तरह से विकास की ओर बढ़ रहे हैं, यह अटल की ही देन है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने देश के विकास के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागू किया, जो कि वास्तव में विकास की मिसाल हैं। उन्होंने शासन द्वारा जनहित के लिए सौंपे गए दायित्वों को अक्षरशः पालन करने बात कही। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से छग मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की देन छत्तीसगढ़ राज्य को और अधिक समृद्ध बनाने की अपील करते हुए उनके व्यक्तित्व पर सारगर्भित बातों को साझा किया और साथ ही अन्य मंचस्थ अतिथियों ने भारत रत्न वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। अंत में जनसम्पर्क विभाग द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दुर्लभ चित्रों और जिले की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का अतिथियों व ग्रामीणों ने अवलोकन किया।

### वितरित किए गए चेक व मिला पुरस्कार

विधायक एवं अन्य मंचस्थ अतिथियों के द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को चेक, राशन कार्ड, सामग्री तथा पीएम आवास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपी गई। निबंध प्रतियोगिता में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली चांदनी साहू, मोनालिसा, चित्राक्षी और याचना साहू को प्रशस्ति-पत्र दिया।

### आवास निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान इसी गांव के ग्रामीण सरजूराम व जगिता बाई पटेल के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास की नींव रखी गई। विधायक, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित जनप्रतिनिधियों ने हितग्राही पटेल दम्पति के घर जाकर नींव तिहार मनाते हुए भूमिपूजन किया।

हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### ग्राम सभा सशक्तिकरण की थीम पर हुआ शिविर

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर में ग्राम आमाझोला में ग्राम सभा व वनाधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम सभा सशक्तिकरण की ओर के थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति सीएफआरएमसी के सदस्यों व गाँव के प्रमुखों को गाँव के पारम्परिक सीमा के अंदर के वन संसाधनों के प्रबंधन पर केंद्रित करते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में प्रबंधन के अलावा ग्राम सभा की कार्यवाही, ग्राम सभा कार्यालय, ग्राम सभा का सम्पूर्ण रजिस्टरों का संधारण व अन्य विषयों पर चर्चा व जानकारी दिया गया।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा आज

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन जिले मे किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन गुरुवार को दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में निधारित किया गया है। उक्त बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डागांव के सभी आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने को कहा गया है। आजीवन सदस्यों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नवीन भवन में चस्पा की गई है।

### रायपुर के निमोरा में 30 को होगा जिपं के अध्यक्षों का आरक्षण

कोण्डागांव। राज्य के 33 जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार आरक्षण एवं प्रवर्गवार महिलाओं के स्थानों हेतु आरक्षण की कार्यवाही 30 दिसम्बर को होगा। आरक्षण की यह कार्यवाही संचालक पंचायत संचालनालय द्वारा सुबह 10 बजे से ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा रायपुर में की जाएगी।

# जल जीवन मिशन से महिलाओं को मिल रही राहत, घर में मिल रहा पानी

## खण्डसरा गांव के घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले से लगभग 34 किलोमीटर दूरी पर स्थित फरसगांव विकासखंड का ग्राम खण्डसरा जहां की आबादी 621 है, जो आज विकास और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है। कभी इस गांव के लोगों के लिए पानी का मुख्य स्त्रोत हैंडपंप थे। पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत खण्डसरा गांव की तस्वीर बदल रही है।

इस मिशन के तहत आज हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल 110 घरों में पहुंचाया जा रहा है। जिससे अब हर घर में नल का पानी उपलब्ध है। इस कदम ने गांव को हर घर जल ग्राम का दर्जा दिलाया है। इस योजना ने गांव की महिलाओं के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। पहले पानी लाने में महिलाओं को बहुत समय और मेहनत लगती थी। सुबह का अधिकांश समय पानी लाने में बीत जाता था, जिससे उनके स्वास्थ्य और अन्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। लेकिन अब हर घर नल कनेक्शन के कारण पानी की समस्या समाप्त हो गई है। महिलाओं ने बताया कि इस योजना से न केवल उनका समय बचा है, बल्कि अब वे अन्य कार्यों को भी समय पर पूरा कर पा रही हैं। गांव में "जल वाहिनी" नामक समूह का गठन किया गया है। जिसमें महिलाओं को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। निमेश्वरी, शांति, लच्छतीन, सरस्वती और राजबती जैसी महिलाएं जल जांच का कार्य कर रही हैं जिससे गांव के पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है। जल जीवन मिशन ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव में हर घर शुद्ध पेयजल से दूषित पानी पीने की समस्या का समाधान हुआ है। जिससे जलजनित रोगों के मामलों में कमी आई है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के स्वस्थ जीवन के लिए कारगर साबित हो रहा है, बल्कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को भी आसान बना रही है।



### ग्रामीणों ने जताया आभार

गांव की शांतिबाई ने बताया, "पहले हमें दूर से पानी लाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में यह काम और भी कठिन हो जाता था। अब नल कनेक्शन के कारण यह समस्या समाप्त हो गई है। हमारे बच्चे अब बिना किसी रुकावट के स्कूल जा पाते हैं और हम महिलाएं अन्य कार्यों में समय लगा पाती हैं। गांव के सरपंच नारायण नाग ने बताया कि जल जीवन मिशन ने हमारे गांव में समस्याओं का समाधान करके ग्रामीणों के जीवन को आसान और सुखद बना दिया है। इस योजना से न केवल जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं बल्कि सभी की खुशी और संतुष्टि में भी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों ने इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन ने हमारी जरुरतों को समझा और इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से हमें राहत दी।

## अटल परिसर के निर्माण के लिए 30 लाख की लागत से होने वाले कार्य का भूमिपूजन

# सुशासन दिवस पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाते हुए शहर में अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम बंधा तालाब गार्डन परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जशपुर से संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके साथ ही कोण्डागांव नगर पालिका में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अटल परिसर का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने श्री वाजपेयी के योगदानों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन कर विकास को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, काम के बदले अनाज योजना और महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से उन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुश्री उसेंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप ने भी वाजपेयी के आदर्शों और उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले की 383 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में सुशासन दिवस मनाए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन की स्वी—ति और विधायक सुश्री लता उसेंडी की अनुशंसा पर 20 हितग्राहियों को चेक प्रदान किए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, और कई अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## अटल चौक हरवेल में मनाया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित अटल चौक में 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ग्राम हरवेल के महेश कुमार नेताम सरपंच प्रतिनिधि, बालसिंह मंडावी उपसरपंच, रामलाल मंडावी पुजारी, सुरजलाल मंडावी रोजगार सहायक, सुकमन पटेल मेट,जयराम मंडावी, विजय पांडे,गोविन्द मंडावी, हाडीराम मंडावी आसोन शोरी, पिलसिंह मरकाम एवं युवा संगठन के सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ




**फरसगांव।** सुशासन दिवस के अवसर पर बुधवार को फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में पिता काटकर किया गया है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल पार्षद शैल सेठिया , जागेश हीडको , स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम चेतन चौहान, मोना मरकाम, सुजीत मरकाम , राकेश यादव, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

# जिपं सदस्य के बेटे ने जनपद के सीईओ से किया दुर्व्यव्हार



**दुर्गुकोंदल।** जिला पंचायत सदस्य शांति बघेल के बेटे मंगेश बघेल जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में घुसकर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौच किया है। जनपद पंचायत के सीईओ और स्टाप ने एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग किया है।

जानकारी के अनुसार सौपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है कि 23 दिसंबर को जनपद पंचायत कार्यालय दुर्गुकोंदल में जिला पंचायत सदस्य के बेटे मंगेश बघेल निवासी तराईघोटिया एवं अन्य व्यक्ति के साथ बिना किसी अनुमति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में घुसकर बिना वजह के निर्माण कार्य संबंधी अपूर्ण फाईल को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार तथा गाली-गलीज किया है। इसके पहले भी उनके द्वारा कई बार कार्यालयीन कर्मचारी के साथ भी अभद्र व्यवहार तथा राजनैतिक धौस दिखाकर कर कार्यालयीन कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया जाता रहा है। जनपद पंचायत कार्यालय में महिला कर्मचारी भी कार्यरत है, जिससे हम जनपद पंचायत के समस्त कर्मचारी व अधिकारी भय, अपमानित एवं असुरक्षा महसूस कर रहें। भविष्य में किसी भी अधिकारी कर्मचारियों के साथ अप्रिय घटना घट सकती है। अधिकारी व कर्मचारियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित कार्य करने की माँग किया है।

दुर्गुकोंदल के थाना प्रभारी योगेश सोनी ने बताया कि जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अधिकारी व कर्मचारियों का संयुक्त आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें मंगेश बघेल के द्वारा जनपद कार्यालय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में घुसकर अभद्र व्यवहार गाली गलौज की लिखित शिकायत की गई है। जांच की जा रही है, जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# खेलकूद में भाग लें, एक स्वस्थ शरीर में ही करता है स्वस्थ मस्तिष्क निवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

नवीन शासकीय महाविद्यालय में 20 दिसंबर से दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एस. डी .सोनवानी के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राकेश पोटाई थे। श्री पोटाई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं खेलों की महत्वता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता ओ.पी.साहू सहायक प्राध्यापक ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ओ.पी.साहू ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को भविष्य में अच्छे खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलना चाहिए। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

- नवीन शासकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव

### विजेता किए गए पुरस्कृत

विभिन्न गतिविधियों कबड्डी,खो खो ,क्रिकेट,बालीवाल,लंबी कूद,ऊंची कूद,भाला फेक,रंगोली, छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच बीए फर्स्ट सेमेस्टर बालक सन्यासी उसेंडी को दिया गया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.के. बघेल एवं संतोष कुमार यादव सह कीड़ा अधिकारी, प्राध्यापकगण दिव्या मधुलता , सावित्री पोयम, उत्तम निराला,सुश्री माधुरी परस्ते, गीता यादव ,प्रतीक साहू, गौतम पटेल,गौतम जैन, घनश्याम साहू अमृता साहू एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान सराहनीय रहा।

# अटल बिहारी बाजपेयी ने छग का निर्माण कर छत्तीसगढ़वासियों का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न व जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस भाजपा कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने छग का निर्माण कर हम छत्तीसगढवासियों को उपकृत किया।

हमारे बीच कई ऐसे नेता है, जिनको बाजपेयी का सानिध्य प्राप्त हुआ है और जिन्होने भाजपा के गठन के समय से पार्टी के लिए कार्य किया है। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री ने भाजपा का मजाक उड़ाने वाले कांग्रेस पार्टी को लक्ष्य करते हुए एक दिन कहा था कि अंधेरा छंटेगा सूरज उगेगा और आज देश भर में भाजपा की सरकार है।

जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन ने कहा कि बाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे। लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया, 2009 तक उत्तर प्रदेश जब स्वास्थ्य संबंधी चिन्ताओं के कारण सक्रिय राजनीति से सेवानिवृत्त हुए। राजग सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी प्रधानमंत्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कहा कि अटल सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित कर दिया। । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ने व आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम, पूर्व सांसद मोहन मण्डावी, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, भरत मटियारा, हलधर साहू, आलोक ठाकुर, राजीव लोचन सिंह, तारा ठाकुर, निखिल राठौर, राधेलाल नाग, प्यारेलाल देवांगन, महेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र भाउ, हीरा मरकाम, अनूप सिंह राठौर, राजा देवनानी, रत्नेश सिंह, निपेन्द्र पटेल, डॉ देवेन्द्र साहू, किरण नरेटी, राजा पाण्डेय, संजय सिन्हा, विजय मण्डावी, मोतीराम नाग, नंद कुमार ओझा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता शिविर

# खरीदी गई वस्तु में दोष पाए जाने पर दो साल तक कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित केशकाल एवं साप्ताहिक बाजार केशकाल में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों से आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर को मनाया जाता है। प्रत्येक उपभोक्ता को खरीदने के दौरान दुकानदार से बाहक साधिकार बिल की मांग करनी चाहिए।

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक व साप्ताहिक बाजार में दी गई विधिक जानकारियां

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार श्रीमती अंजली पांण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के निर्देशानुसार श्रीमती मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल द्वारा उपभोक्ता अधिकार के संबंध में बताया गया। खरीदी गई वस्तु में अगर किसी प्रकार का दोष हो तो बदले में नई लेने का हक़ है। सामान खरीदने के लिए दी गई रकम वापस लेने का हक़ है। नुकसान होने पर मुआवज़ा प्राप्त करने का अधिकार है। खरीदे गई वस्तु के कारण हुई हानि की मानसिक क्षति का दावा करने का अधिकार है। इसकी शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में की जा सकती है। वस्तु में दोष पाए जाने पर दो साल के भीतर शिक़ायत की जा सकती है। जिला उपभोक्ता फोरम के निर्णय के विरूद्ध अपील राज्य उपभोक्ता फोरम कमीशन में, राज्य उपभोक्ता फोरम कमीशन के विरूद्ध अपील राष्ट्रीय उपभोक्ता कमीशन में, राष्ट्रीय उपभोक्ता कमीशन के विरूद्ध अपील उच्चतम न्यायालय में की जा सकती है। अपील आदेश के तीस दिवस के भीतर करना आवश्यक है। आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।




### नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में बताया

*इस अवसर पर अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकार मित्र की भूमिका की जानकारी दी गई। नालसा सालसा की जानकारी देते हुए नालसा की एक योजना नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 तथा अभिव्यक्ति एप, महिला हेल्प लाइन 1091, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 व बाल श्रम, बाल विवाह एवं नेशनल लोक अदालत, नशीली पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नालसा हेल्प लाइन 15100, साइबर क्राइम के संबंध में तथा हेल्पलाइन 1930 और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शिविर में अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव उपस्थित रहीं ।*

## जनभागीदारी समिति की बैठक कई समस्याओं पर की गई चर्चा



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि पीजी महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के नवीन जनभागीदारी समिति के प्रथम बैठक सोमवार को हुई। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह का प्राचार्य द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों का वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो ने स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समिति के सचिव डॉ. रश्मि सिंह ने स्वागत ने समिति को महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन से किए गए पत्रचार के बारे में बताया। साथ ही महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया और समस्या का समाधान करने का प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं समिति के सदस्यों का परिचय भी हुआ। अंत मे समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की समिति इसलिए होती है ताकि कॉलेज की जो समस्या होती है उसे कॉलेज प्रबंधन और समिति मिलकर समाधान कर सके। बैठक में मुख्य रूप से सदस्य हितेश तिवारी, स्थानीय संगठन सदस्य द्विव्येश राजा पाण्डेय, आकाश सोलंकी, राजीव लोचन ठाकुर, शंकर लाल गांधी, राम बाई गोटा, गिरधारी लाल नरेटी, राजकुमार नशीने, राजीव श्रीवास व अन्य लोग उपस्थित रहें।

पेज 09 के शेष...

### जिला संगठन में...

किया गया। सामान्य वर्ग से आलोक ठाकुर, रवि तिवारी, निखिल राठौर, राजा देवनानी, ब्रजेश चौहान, अनूप सिंह राठौर, अशोक बलेचा, ओबीसी वर्ग से दिलीप जायसवाल, महेश जैन, नंदू ओझा और अजजा वर्ग से हीरा मरकाम, छत्रप्रताप दुग्गा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय मंडावी ने दावेदारी किया है। रायशुमारी में आए इनपुट को एकत्र करके हाईकमान को दिया जाएगा, हाईकमान एक नाम को लिफाफा बंद करेंगी और उसके बाद उसी लिफाफे को खोलकर नाम की घोषणा कर दिया जाएगा।

### नगरी निकायों में...

गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत सुनील बबला पाढ़ी, उपाध्यक्ष नगर पंचायत कमलेश गावड़े, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम, नरेंद्र कुलदीप, विजय धामेचा, मनीष साहू, राजेंद्र रंधावा, तुषार ठाकुर, मिलन साहू, अभय पाण्डेय, संकेत नशीने, ललित गांधी, गुड्डिया यादव, सीता चंद्राकर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### धान बेचने के 2 दिन बाद खाते में आया राशि : राना



**बीजापुर।** धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था के साथ किसानों का धान सुगमतापूर्वक विक्रय होने से किसानों में हर्षोल्लास का वातावरण है। किसान अपने मेहनत की कमाई समय पर पाकर छत्तीसगढ़ सरकार के व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। तुरनार निवासी किसान बृजलाल राना ने बताया कि इस बार 100 क्विंटल धान बेचा समय पर टोकन काटने एवं धान बेचने में हुई सहूलियत से वह काफी खुश है। वहीं बीजापुर के उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी किसान बृजलाल राना ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान और 31 सौ रूपए में धान खरीदी के पहल को किसानों के हित में बताया और धान बेचने के दो दिन बाद उनके खाते में धान की राशि आने की बात बताई और कहा कि समय पर धान की राशि आने से उनके बहुत से कार्य जो पैसो के लिए अटका था वह पूरा हो गया। इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए शासन और प्रशासन को हृदय से आभार भी व्यक्त किया।

### पशु पालन में प्रशिक्षित हो रही महिलाएं

**बीजापुर।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने के लिए पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग में प्रशिक्षित किये जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। हाल ही में 20 समूह की महिलाएं गाय की नस्ल सुधार, प्रबंधन, बीमारी रोकथाम, टीकाकरण, कम लागत मे आहार प्रबंधन में 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न किये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में समूह की महिलाओं को स्थाई आजीविका मूलक गतिविधि से जोड़ने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, इससे पूर्व 70 महिलाएं बकरी पालन, मुर्गीपालन के प्रबंधन एवं संचालन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त कर ली हैं। इन महिलाओं के स्थाई आजीविका के अवसर मुहैया कराने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महात्मा गांधी नरेगा योजना से पशु शेड निर्माण की कार्य योजना बनाई गई है इन महिलाओं को पशु विभाग की योजनाओं का लाभ एवं सहायता अनुदान भी प्रदान किये जा रहे हैं।

## निधन

### रामअवध प्रसाद



**जगदलपुर।** शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के पिता रामअवध प्रसाद उम्र 82 वर्ष का रात्रि निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास मां दुर्गा चौक से गुरुवार को सुबह 11 बजे निकलेगी और अंतेष्टि खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में की जाएगी।

### बड़े गुडरा और मैलावाड़ा में दिखा निम्न स्तर का काम

# मिशन से बन रहे डोम शेड में चल रहा घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

शिक्षा से जुड़ी संस्थाएं कॉपी कलम छोड़कर निर्माण एजेंसी बनने लग जाये तो आप समझ सकते है कि किस स्तर का निर्माण और कितनी गुणवत्तापूर्ण दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा व्यवस्था चल रही होगी।

बिलकुल आप ठीक समझ रहे हैं हम राजीव गांधी मिशन की ही बात कर रहे हैं। जहां इन दिनों बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य बिना तकनीकी जानकारों की टीम के ही किसी निर्माण एजेंसी की तरह करवाये जा रहे हैं। बस फर्क इतना है कि इस विभाग के द्वारा बनाये जा रहे कार्यों को देखकर आप अंदाजा नहीं लगा सकते है कि इस निर्माण कार्य का ठेकेदार कौन होगा? कौन सब इंजीनियर इस निर्माण कार्य की एमबी रिकार्ड करेगा, कितनी लागत राशि का यह निर्माण कार्य होगा। क्योकि यह सभी जानकारी निर्माण कार्य पूर्ण होने तक निर्माण स्थलों पर नहीं मिलेगा।

- जिले में डीएमएफ मद 14 डोमशेड 2 करोड़ 80 लाख की लागत से अलग अलग ब्लाकों में बनाये जा रहे

### कॉलम गड्ढे और प्लिंथ में गड़बड़ी

विभाग का एक शैड निर्माण बड़े गुडरा हाई स्कूल के अंदर भी बनाया जा रहा है। जहां इस शैड का फाउंडेशन 20 लाख की लागत से बने स्टीमेट के अनुरूप किसी भी तरह से नहीं दिखता है। जमीन से महज सीमेंट ईट की तीन रद्दे जोड़कर नीव बनाई जा रही है। शैड के कॉलम के लिए कम से कम 1 मीटर गहरा गड्ढा खोदकर नियमतः खड़ा करना चाहिये मगर मात्र 40 फीट गड्ढा खोदकर इसे लीपापोती किया जा रहा है। यहां तक फाउंडेशन की ऊंचाई इतनी कम रखी गयी है। फाउंडेशन के ऊपर कांक्रीट डीपीसी 10 सेंटीमीटर भी लेबल से घूम नहीं पा रहा है। शैड निर्माण के लिये स्कूल से ही बिजली सीधे लेकर वेल्डर मशीन चलाकर वही डोम निर्माण किया जा रहा है। इस शैड निर्माण में लगने वाले पाइप, प्रोफाइल सीट और एमएस पाइप के खम्बे बहुत ही हल्के स्तर के इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण के तकनीकी जानकारों की टीम से स्टीमेट के अनुरूप विभाग को इन कार्यो का भौतिक सत्यापन करवाना चाहिए। ताकि इस निर्माण की आड़ में किस तरह लाखों रुपये की बंदरबांट हो रही है उजागर हो सके। बड़े गुडरा में निर्माण स्थल पर मौजूद कामगार श्याम सुंदर ने बताया की गीदम से गोलू हमको काम करवा रहे हैं। हमारे पास में कोई कोई ड्राइंग और निर्माण का स्टीमेट नहीं है जैसा हम लोग को सही लग रहा है वैसा बना दे रहे हैं।








### रायपुर का ठेकेदार कर रहा काम

इस निर्माण के जिम्मेदार बीईओ बीआरसी है। जब हमने दंतेवाड़ा बीआरसी तेजराम जुर्री से बात कि तो उन्होंने कहा कि रायपुर के ठेकेदार काम कर रहे हैं, पूरा नाम तो नहीं बता पाऊंगा पर पर तिवारी, जैन और महेश्वरी टाइप का नाम है।

### जिले में कई जगहों पर बन रहे शेड

जानकारी मिली है कि जिले के गीदम ब्लाक में 5, दंतेवाड़ा ब्लॉक में 5, कटेकल्याण ब्लॉक में 2 और कुआकोंडा ब्लाक में 2 डोम शेड बन रहे हैं। जिसका स्टीमेट विभाग ने 20 लाख रुपये बना रखा है। निर्माण कार्यो की पूर्णता पर इन कार्यो की एमबी भी किस विभाग से रिकार्ड करवाया जायेगा यह भी नहीं पता है।

### गड़बड़ी मिली तो दुबारा होगा काम

निर्माण में गड़बड़ी संबंधी जानकारी मुझ तक पहुंची है, मैं निर्माण स्थल पर टीम भेजा हूं। अगर एक भी गड़बड़ी पाई गयी तो फिर से दुबारा पूरा काम करवाया जायेगा।

-मयंक चतुर्वेदी, कलेक्टर दंतेवाड़ा

## अटल वाजपेयी की जयंती पर पंचायतों में मनाया गया सुशासन दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धान खरीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण योजना और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश विष्णु की पाती का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में भी मुख्यमंत्री के संदेश विष्णु की पाती हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों और महिलाओं को लगातार वितरित किया जा रहा है।

सुशासन दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले पंचायतों में स्थित अटल चौक में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के फोटो में माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए देशहित के कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री के संदेश का वितरण भी किया गया। संदेश के वितरण की इस कड़ी में कोंटा विकासखंड के ग्राम धोंदरा, इंजेराम, एर्राबोर, दरभागुड़ा तथा अन्य पंचायतों में घर घर जाकर मुख्यमंत्री के संदेश विष्णु की पाती का वितरण किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं ने विष्णु की पाती पाकर अपनी खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भेजी गई विष्णु की पाती को पाकर सविता पोयम काफी उत्साहित और ख़ुश नजर आईं। सविता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हमें संदेश भेजना हम सभी महिलाओं के लिए बहुत ही खुशी और गौरव की बात है। हम सभी महिलाएं महतारी वंदन योजना के साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं जिससे हमें आत्मनिर्भरता और सम्मान मिल रहा है। उपस्थित सभी महिलाओं ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना का बेहतर संचालन करने तथा छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## भाजपा ने अटल के योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पर तोकापाल भाजपा मंडल कार्यालय में सुशासन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। विधायक श्री गोयल ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने देश को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है और हमें देश सेवा में हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल के विचारों और नीतियों को याद करते हुए उनके मार्गदर्शन में देश के विकास की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, तोकापाल मण्डल प्रभारी संतोष बघेल, कामदेव बघेल, जिला मंत्री युवा मोर्चा चंद्रकांत भंडारी, जिला मंत्री बाबुल नाग, मिटकु बघेल, बंटी ठाकुर, शिव सूर्यवंशी, जलन कश्यप, मेघराज ठाकुर, तनिश तिवारी, परमेश्वर भंडारी, निहांसू सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल के कार्यकर्ताओं ने 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मेन मार्केट चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता एवं अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प माला अर्पण करके अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे का नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक लगाया पूजन किया फल एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। भाजपाइयों ने अटल के सपनों का भारत निर्माण का संकल्प लिया।

इस दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी कार्यक्रम के मंडल प्रभारी संजीव दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन का पूर्ण श्रेय स्व. अटल बिहारी वाजपेई को जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह चौहान कार्यक्रम सह प्रभारी सुनील गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पर हम सभी गर्व करते हैं। उनके विभिन्न जनकल्याणकारी योजना जन-जन तक पहुंच रहा है। आज के दिन छग के मुख्यमंत्री साय ने छग में जितने भी नगरीय निकाय हैं, नगर परिषद हैं और नगर पंचायत हैं, उन सभी जगह पर अटल परिसर का निर्माण करने की घोषणा की है यह बहुत खुशी की बात है। कार्यक्रम में सुनील गुप्ता, मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह चौहान, रविंद्र सोनी, शैलेंद्र सिंह, दिनानाथ ठाकुर, तपन दास, विक्रम नाहक , शालिनी कर्मा , सुनीता साहू, प्रेमशिला मिश्रा, अनीता वर्मा, बबीता गिरी, यादला अंकम्मा, सरस्वती डहरिया, राजेश वैपरल, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



## कर्तव्य पर लापरवाही करने वाले शिक्षकों का रोका गया वेतन वृद्धि



**बीजापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बालक पोर्टाकेबिन चिन्नाकोड़ेपाल में अव्यवस्था एवं अर्धवार्षिक जैसे महत्वूर्ण परीक्षा के दौरान 48 छात्र अनुपस्थित पाये जाने के कारण प्रभारी अधीक्षक बालक पोर्टाकेबिन चिन्नाकोड़ेपाल अमित कोरसा, शिक्षक एलबी माध्यमिक शाला तुमनार को एवं बालक पोर्टाकेबिन दुगईगुड़ा में अव्यवस्था एवं अर्धवार्षिक जैसे महत्वूर्ण परीक्षा के दौरान 18 छात्र अनुपस्थित पाये जाने के कारण ककेम मारैया सहायक शिक्षक एलबी, प्राथमिक शाला एर्राबोर, पुसबाका प्रभारी अधीक्षक बालक पोर्टाकेबिन दुगईगुड़ा की दो-दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकते हुए प्रभारी अधीक्षक पद से पृथक किये जाने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार प्रधान अध्यापक कन्या आश्रम शाला चिन्नाकवाली एवं सीमा कुड़यिम प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला चिन्नाकवाली, कु. कमल रंजीता प्रधान अध्यापक बालक आश्रम शाला चिन्नाकोड़ेपाल, रामचन्द्र साहनी प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला चेरामंगी, प्रधान अध्यापक बालक आश्रम शाला चेरामंगी, संजय पुनेम प्रधान अध्यापक व प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम शाला चेरामंगी, कनका एंजा प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला चिन्नाकोड़ेपाल को संस्था में अव्यवस्था पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए वेतन आहरण पर रोक लगाया गया है।

## ख्याल रख रही सीआरपीएफ मेडिकल कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

बस्तर संभाग के जिला सुकमा के कोंटा विकासखंड में सेवा दे रही सीआरपीएफ 74वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र लखापाल कैंप में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित की गई।

हिमांशु पाण्डे कमाण्डेंट-74 वाहिनीं के निर्देश में ई व एफ कम्पनी के कमाण्डर रवि कुमार मीना तथा सौरभ सुमन कम्पनी के अधिकारियों और जवानों की उपस्थिति में ग्रामवासियों की आवश्यकतानुसार खून जांच एवं शारीरिक जांच किया गया। जांच के उपरांत सीआरपीएफ डॉक्टर के द्वारा ग्रामवासियों की खून जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार दवाईयां वितरित किया गया और ग्रामवासियों को बताया कि किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर 74 वीं वाहिनी लखापाल कैम्प के जवान ग्रामीणों की किसी भी प्रकार से मदद करने को तत्पर हैं। मेडिकल कैम्प के पश्चात कैम्प के जवानों की तरफ से ग्रामवासियों को जलपान भी कराया गया। सीआरपीएफ के इस कार्य से ग्रामवासी काफी प्रसन्नहित नजर आये और इस कार्य की सराहना किया। कमांडेंट हिमांशु पांडेय ने सभी ग्रामवासियों का सीआरपीएफ पर विश्वास बनाएं रखने पर आभार व्यक्त किया है और बताया कि आवश्यकतानुसार भविष्य में भी सभी प्रकार की सहायता की जायेगी।



### ग्रामीणों से बेहतर संबंध स्थापित करने शुरू की मुहिम

सीआरपीएफ का नाम बस्तर के विकास में सबसे अलग लिया जाता है और स्थानीय ग्रामीणों की समय समय पर जवानों द्वारा तमाम तरह से मदद की जाती रही है। इस बार स्वास्थ कैम्प के माध्यम से सीआरपीएफ द्वारा क्षेत्र के लोगों से बेहतर सम्बंध स्थापित करने हुए, सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैम्प आयोजित कर ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## ओम हॉस्पिटल की नई शाखा अब जगदलपुर में





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रायपुर, सरायपाली और तिल्दा के बाद प्रसिद्ध चिकित्सा सेंटर ओम हॉस्पिटल की ब्रांच का शुभारंभ मंगलवार को हाता ग्राउंड के सामने जगदलपुर में हुआ। इस अवसर पर सासंद रायपुर लोकसभा बृजमोहन अग्रवाल ने फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि अब बस्तर बदल रहा है और एक तरफ जहां प्रदेश सरकार यहां के निवासियों के लिए सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलने जा रहा है वहीं अब महानगरों से निजी हॉस्पिटल्स भी यहां बेहतर चिकित्सक और सुविधाएं देने पहल कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ संतोष बाफना, श्रीनिवास राव मद्दी, रूपसिंह मंडावी व कई भाजपा नेता मौजूद थे। शुभारंभ के अगले दिवस बुधवार को अपने बस्तर प्रवास के दौरान वनमंत्री केदार कश्यप भी अस्पताल के मुआयने पर पहुंचे। अस्पताल के संचालक विनोद अग्रवाल ने बताया कि समता कॉलोनी में 2 कमरे की ओपीडी से आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, तिल्दा और सराईपाली में ओम हॉस्पिटल मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहा है।जहां छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुरुआत से ही हमारे अग्रजों ने मन में ये प्रण ले लिया था कि वे मरीजों की सेवा के लिए ऐसे भव्य अस्पताल संचालित करेंगे, जहां शासन की तमाम योजनाओं का लाभ उन्हें मिलेगा।

इसी कड़ी में बस्तर के लोगों के लिए इस अस्पताल का शुभारंभ किया गया है ताकि मरीजों को सारी सुविधाएं यहीं उपलब्ध हो और उन्हें कही भटकना नहीं पड़े। यहां मरीजों को बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक यूनिट, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, ट्रामा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग, गहन चिकित्सा विभाग, कैंसर रोग, बच्चे दानी का कैंसर, नाक, कान एवं गला रोग, मेडिसिन विभाग, शिशु रोग,चर्मरोग विभाग, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, मस्तिष्क रोग, हेयर ट्रांसप्लांट यूनिट, नशामुक्ति एवं मानसिक रोग इलाज, पेट सम्बन्धित रोगो का इलाज, गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, श्वास एवं छाती रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, टेढ़े-मेढ़े दांतों व दंत रोग, नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, एडवांस पैथोलॉजी यूनिट, सोनोग्राफी, ईको, ईसीजी, मल्टी स्लाइस सीटी स्कैन, फुल्ली मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर एवं 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध होगी।

शुभारंभ अवसर पर ओम हॉस्पिटल से ओम प्रकाश अग्रवाल, डॉ कमलेश अग्रवाल, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. निकिता अग्रवाल, डॉ. दिव्यांशु गोयल, डॉ. हनुमंता, डॉ. चंद्र मुकेश, डॉ. सुधांशु गुप्ता, डॉ. प्रतीक बारले एवं विक्की अग्रवाल के साथ उनकी पूरी टीम मौजूद थी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सुशासन दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

**सरोना।** सरोना तहसील सरोना के ग्राम शामतरा में भाजपा मंडल सरोना द्वारा आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कहा कि मैं एक जिला पंचायत सदस्य के रूप में हमेशा आप सभी के साथ हूं और आगे भी विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। ग्राम के सरपंच किशोर शोरी ने जल टैंकर के शुभारंभ पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह टैंकर हमारे गांव की पुरानी मांग थी और आज इसे जिला पंचायत सदस्य ने पूरा किया है। इसके लिए हम उनके आभारी हैं। कार्यक्रम में ग्रामवासी, सरपंच, पंच, रोजगार सहायक और अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### परिचय सम्मेलन एवं कैरियर मार्गदर्शन 29 को



**दुर्गुकोंदल।** कोसरिया गांड़ा के द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम 29 दिसंबर को ग्राम भीरागांव में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के युवक युवती मंच पर आकर अपना परिचय देंगे। सम्मेलन में शामिल हुए युवक युवतियों को समाज प्रमुख, समाज के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा शिक्षा, व्यवसाय, नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रेरित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारी को लेकर 24 दिसंबर को ग्राम भीरागांव में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भंडारडिग्गी में अटल की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस




**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के सरपंच धनेशकुमार नरेटी ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेई का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। वे एक महान नेता, कवि और पत्रकार थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तीन बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और उनका कार्यकाल इतना गौरवशाली रहा कि एक दशक के बाद भी उस कार्यकाल को न सिर्फ याद किया जाता है, बल्कि उस पर अमल भी किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 100वीं जन्म-जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया उनका विजन और मिशन विकसित भारत के संकल्प में निरंतर शक्ति का संचार करता रहेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के वार्ड पंच ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।


# अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर/भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर मंडल द्वारा नरहरपुर सहित पुरे मंडल क्षेत्र में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने कहा की सुशासन दिवस पर नगर पंचायत नरहरपुर के अटल चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने कहा कि आज हमें अगर छत्तीसगढ़ वालों को किसी से जाना पहचाना जाता है, वह श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के कारण है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कर हमें एक पहचान दी। वही प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पुरा करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाकर छत्तीसगढ़ की जनता में अपना विश्वास स्थापित किया है।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री धनेश कौशिक, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, हेमंत साहू, राजेश नाग, भागवत शोरी, रंगीता उईके, मोहन कुंजाम, आशाराम जूरी, मदन मोहन शर्मा, नितेश मगेन्द्र, रामू साहू, राजू तिवारी, सीताराम पटेल, प्रकाश चक्रधारी, जागेश साहू, अघन मरकाम, जयराम मरकाम, संजय जूरी, पुनीत चक्रधारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य के सपने को सकार किया



### सुशासन दिवस धूमधाम से मनाया गया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राउरवाही में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत राउरवाही के अटल चौक पर माल्यार्पण कर जन्म दिवस मनाया। पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी ने कहा कि तीन बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और उनका कार्यकाल इतना गौरवशाली रहा कि एक दशक के बाद भी उस कार्यकाल को न सिर्फ याद किया जाता है, बल्कि उस पर अमल भी किया जाता है। आज उनकी 100वीं जन्म-जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि वे सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका विजन और मिशन विकसित भारत के संकल्प में निरंतर शक्ति का संचार करता रहेगा। इस अवसर पर सरपंच राधिका नरेटी एवं अन्य वार्ड पंच ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव : जेपी इंटरनेशनल स्कूल में दूसरा दिन अद्भुत प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव

# बच्चों को सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जोड़ने का प्रभावशाली प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






जेपी इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोंत्सव का समापन के दूसरे दिन नर्सरी से 5 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया। अतिथियों ने कहा कि जेपी इंटरनेशनल स्कूल का यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जोड़ने का एक प्रभावशाली प्रयास भी है। अतिथि की आसंदी से उपस्थित पुलिस उपमहानिरीक्षक तुकाराम कांबले ने कहा कि विद्यालय की प्रस्तुतियों और प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा और संस्कृति के प्रति उनके जुड़ाव को दर्शाता है। बच्चों का आत्मविश्वास और रचनात्मकता इस विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि आज हमारे बच्चों की प्रस्तुति थी, जिसे देखने के लिए पहुँचा था। विद्यालय के दोनो दिनों में जो सांस्कृतिक कार्यक्रम का चयन किया है, वो काबिले तारीफ रहे, कलांतर की थीम पर खरे उतरने में सफल रहे। वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने कहा स्पंदन जैसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास का अहम हिस्सा हैं। इन प्रस्तुतियों में उनकी मेहनत, कला और शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का बेजोड़ समन्वय झलकता है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जोड़ने का एक प्रभावशाली प्रयास भी है। जेपी इंटरनेशनल स्कूल न केवल शिक्षा बल्कि समग्र विकास के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है। मिवान स्टील रायपुरके सीओओ बिभुदत्ता मोहपात्रा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा यह आयोजन बच्चों के लिए एक आदर्श मंच है, जो उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को निखारने में सहायक है। विद्यालय का यह प्रयास प्रेरणादायक है और भविष्य में बेहतर परिणाम देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर और ऊर्जावान स्वागत गीत स्वागतम स्वागतम से हुआ, इसके उपरांत 5 वीं के विद्यार्थियों ने अपनी दिव्य प्रस्तुति अगजानन पद्माकरम के माध्यम से मंच पर आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गरिमा का संचार किया, जो अतिथियों और दर्शकों के मन को गहराई से छू गया। जर्नी ऑफ सिनेमा खंड ने सबसे छोटे कलाकारों को मंच पर लाकर सिनेमा के इतिहास को सजीव कर दिया। नर्सरी ए के बच्चों ने मेरा नाम चिंचिंचू और नर्सरी बी ने आओ ट्विस्ट करें, एलकेजी ए और बी के विद्यार्थियों ने एक दो तीन और माय नेम इज लखन पर अपने उत्साहपूर्ण नृत्य से तालियां बटोरीं। यूकेजी ए और बी के बच्चों ने लूंगी डांस और गल्ला गुड़ियां की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम सोपान में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मेरा जूता है जापानी के गीत पर सामूहिक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को पुराने समय की यादों में डुबो दिया।

आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन ज्योति गिदवानी, निदेशक मंडल के सदस्य अमर गिदवानी, राजेश गिदवानी, शंकर गिदवानी, संदीप गिदवानी, कृष्णा गिदवानी, करीना गिदवानी और शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार मंचासीन अतिथियों में शामिल रहे। मंच पर उनकी अगवानी प्राचार्य रितेश चौबे और विद्यार्थियों द्वारा की गई। मंच संचालन कोमल राय भौमिक, करिश्मा परवीन, लिकेश्वर गुप्ता, और श्रुति घोष के मार्गदर्शन में किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अर्चना देशभरतर और देवयानी ठाकुर ने प्रस्तुत किया।

# एएनएसयूआई ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और इस्तीफे की मांग की



हरभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में भाषण के दौरान कहा गया था कि अंबेडकर का नाम लेना फैशन हो गया है, इतना अगर भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस तरह का वाक्य बहुत ही निंदनीय अशोभनीय और आपत्तिजनक है। इसी मामले को लेकर एनएसयूआई ने भानुप्रतापपुर में पुतला दहन किया।

नगर पंचायत सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि गृह मंत्री द्वारा दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक निंदनीय अस्वीकार्य है। इतने बड़े पद में रहते हुए इस तरह का छोटी सोच रखना शर्मनाक है। गृह मंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि गृहमंत्री जैसे उच्च पद में रहते हुए महापुरुष डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए जो शब्दों का प्रयोग किया गया वह बहुत ही निंदनीय है। संसद जैसे पवित्र जगह में इसकी जगह नहीं है, अमित शाह को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह जैसे उच्च पद पर है, उनके द्वारा बाबा साहब के लिए अपमानजनक बातें कही गई। बाबा भीमराव अंबेडकर वही संविधान निर्माता है, जिन्होंने सभी को समान हक दिया उनके लिए गृह मंत्री का बयान बहुत ही निंदनीय और आपत्तिजनक है। नमन झाबक जैन ने कहा कि देश के सबसे बड़े मंदिर संसद में गृह मंत्री के द्वारा देश के महापुरुष डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर जो अपमान स्वरूप, आपत्तिजनक बयान दिया है, इसकी कड़ी निंदा करता। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र कड़ियाम ने कहा संसद संविधान की बात करें तो ये भीमराव अंबेडकर की ही देन है, उनको इस तरह की अपमानजनक बात करना शोभा नहीं देता।

# नवोदय व एनएमएमएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शीतकालीन अवकाश में कक्षाएं जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



हमर लक्ष्य कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गुकोंदल विकासखंड के सुदूर अंचल क्षेत्रों में उत्साही शिक्षको एवं पालकों के सहयोग से निरंतर शीतकालीन अवकाश में भी कक्षाए संचालित है, जिससे पूरे विकासखंड में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर उत्साही एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल बना हुआ है।

तैयारियों को लेकर संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने बताया कि प्राथमिक शाला स्तर पर साधुमिचगांव, बांगाचार, गोयन्दा, हिंगनपूरी, पाल्हर,गोटूलमुंडा, तुमरीटोला, कराकी में इसी प्रकार संकुल केंद्र दमकसा, लोहत्तर, दुर्गुकोंदल, तराईघोटिया, सिहारी, कोण्डे में संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा तथा माध्यमिक शाला स्तर पर साधुमिचगांव, पुजारीपारा, मंगहूर, गुरवंडी जैसे विकासखंड के सुदूर अंचल क्षेत्रो में शीतकालीन अवकाश के दौरान भी राष्ट्रीय साधन सह-प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। कक्षा संचालन के लिए कुछ शालाओं में प्रोजेक्टर और कंप्यूटर सिस्टम का भी उपयोग किया जा रहा है, प्रतिदिन मॉडल टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। कठिन विषयों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें विकासखंड के अधिकारियों द्वारा वर्चुअल रूप से जुड़कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी द्वारा हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में राज्य प्रवीण्य सूची के लिए चिन्हांकित विद्यार्थियों के लिए संचालित उपचारात्मक शिक्षण कक्षाओं का गहन अवलोकन एवं निरीक्षण कक्षा में जाकर किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन करने, मेरा कोना बनाकर पढ़ाई में अधिक समय देने, लेखन प्रैक्टिस पर अधिक ध्यान देने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विकासखंड शीतकालीन अवकाश दौरान भी प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं की तैयारियों में रमा हुआ है, जिसमें शिक्षक को पालकों, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयको द्वारा भरपूर अकादमिक सहयोग भी किया जा रहा है, जिसे लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने अवकाश दौरान कक्षा लेने वाले शिक्षक एवं संकुल समन्वयकों को संबोधित करते हुए कहां है कि आप सभी के निःस्वार्थ मेहनत, अथक परिश्रम के बल पर ही हमारे विकासखंड दुर्गुकोंदल का नाम जिला में शिक्षा के क्षेत्र में सोचने एवं कार्य करने वालों के जुबान पर है और हम सभी सर्वत्र खुशियां बिखेरता, हमर दुर्गूकोंदल कह पाने की स्थिति में है।







